पत्रांकः– वन भूमि–32/2021...................../प०व०ज०प०

**बिहार सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**प्रेषक,**

**मोख्तारूल हक,**
परामर्शी।

**सेवा में,**

**अपर महानिदेशक (केन्द्रीय),**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,**
क्षेत्रीय कार्यालय, मेकॉन कॉलोनी,
A-2 श्यामली, राँची–834002

**पटना–15, दिनांक.........................**

**विषय :–** जमुई जिलान्तर्गत श्रवण–बकशीला पथांश **के 23वें कि०मी०** धथुरिया नदी पर 3 x 14m आकार का उच्च स्तरीय RCC High Level Bridge निर्माण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत 0.4800 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर **सैद्धांतिक स्वीकृति के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयांकित प्रस्ताव कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल जमुई द्वारा समर्पित किया गया है, जो प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना के अनुमोदनोपरांत नोडल पदाधिकारी, (वन संरक्षण), बिहार की अनुशंसा के साथ प्राप्त हुआ है।

विषयांकित पथ बिहार सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परितर्वन विभाग की अधिसूचना संख्या–921(ई०) दिनांक–28.08.1997 के अंतर्गत "सुरक्षित वन" के रूप में अधिसूचित है, परन्तु भूमि का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग का है।

विषयांकित परियोजना में 0.4800 हे० वन भूमि का अपयोजन एवं वानस्पतिक घनत्व 0.3 प्रस्तावित है। परियोजना निर्माण के क्रम में वृक्षों का पातन प्रस्तावित नहीं है।

अपयोजित होने वाली वनभूमि के लिए जिला पदाधिकारी, जमुई द्वारा FRA, 2006 प्रमाण–पत्र निर्गत नहीं किया गया है परन्तु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक–11–43/2013–FC दिनांक–26.02.2019 के आलोक में बिना FRA, 2006 प्रमाण–पत्र के ही प्रस्ताव पर स्टेज–1 की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

प्रस्तावित अपयोजन प्रस्ताव के लिए तत्संबंधी टोपो सीट एवं Geo-referenced Map संलग्न है। विषयांकित प्रस्ताव में संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी का अनुशंसा प्रपत्र–II के रूप में एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न है। वन संरक्षक द्वारा प्रस्ताव की अनुशंसा की गयी है, जिसका अनुमोदन प्रपत्र–III के रूप में एवं नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार द्वारा की गयी अनुशंसा प्रपत्र IV के रूप में संलग्न है।

वन (संरक्षण), अधिनियम, 1980 के तहत निम्नांकित शर्त्तों के साथ प्रस्ताव की अनुशंसा की जाती है :–

1. भूमि का वैधानिक स्वरूप यथावत रहेगा।
2. 0.4800 हे० वन भूमि के लिये नेट प्रजेन्ट भेल्यू (NPV) के मद में रू० 6.26 लाख प्रति हे० के दर से रू० 3,00,480/–(तीन लाख चार सौ अस्सी रूपये) मात्र प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के पक्ष में जमा कराया जायेगा।

3. परियोजना निर्माण के क्रम में हरितावरण को बनाये रखने हेतु 100 वृक्षों के क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार के मानक दर एवं वर्त्तमान मजदूरी दर पर रू० 7,36,560/– राशि देय होगी।

प्रस्ताव को संलग्न अभिलेख सहित भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रस्ताव के संदर्भ में लिये गये निर्णय से राज्य सरकार को संसूचित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
**ह०/–**
**(मोख्तारूल हक)**
परामर्शी

**ज्ञापांक** :– वन भूमि–32/2021....................../ प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक..............................................
**प्रतिलिपि** :–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार/ कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल जमुइको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**(मोख्तारूल हक)**
परामर्शी

**ज्ञापांक** :– वन भूमि–32/2021 313 (ई)/ प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 12/04/2021
**प्रतिलिपि** :–आई०टी० मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को निदेश दिया जाता है कि प्रस्ताव को मंत्रालय के वेब–साईट पर अपलोड करते हुए पार्ट–2 उपलब्ध कराया जाय।

9/4/21
**(मोख्तारूल हक)**
परामर्शी

VR S One-187